दिन– रविवार दिनांक– 08 / 06 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

नमस्कार, ये आकाशवाणी पटना है। अब आप **राकेश कुमार सिंह** से प्रादेशिक समाचार सुनिये। पहले मुख्य समाचार.......

01. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार ने देश की प्रगति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका तय की।

02. लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आरा से चुनावी अभियान की शुरुआत की। कहा– वे बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए राजनीति कर रहे हैं।

03. चुनाव आयोग की आलोचना करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा सहित विभिन्न दलों ने संवैधानिक संस्था के अपमान का आरोप लगाया।

04. और, आपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद सेना के जवान सुनील कुमार यादव का पूरे सम्मान के साथ बक्सर में अंतिम संस्कार किया गया।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में नारी–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी और इसलिए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरा होने पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर पर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मुद्रा ऋण से लाखों महिलाओं के लिए उद्यमी बनने का सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत महिलाओं के नाम पर मकान लेने के प्रावधान से महिलाओं में सुरक्षा और सशक्तिकरण की भावना बढ़ी है। श्री मोदी ने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ अभियान को बालिका संरक्षण का राष्ट्रीय अभियान बताया। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

पिछले दशक में, महिला सशक्तिकरण के प्रति भारत के दृष्टिकोण में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है। सरकार की प्रमुख पोषण योजना मिशन पोषण का दूसरा चरण बच्चों, किशोरियों और माताओं पर केंद्रित है। इसका मुख्य हिस्सा पोषण अभियान है, जिसे 2018 में

शुरू किया गया था। दो लाख से ज़्यादा आंगनवाड़ी केंद्रों को बेहतर पोषण और प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए सुधारा जा रहा है। इसके तहत पोषण भी, पढ़ाई भी जैसी योजनाएं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अच्छी प्री–स्कूल शिक्षा देने के लिए प्रशिक्षण देती हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम और जननी सुरक्षा योजना जैसी योजनाओं ने खासकर गांवों और पिछड़े इलाकों में सुरक्षित प्रसव और मां की देखभाल सुनिश्चित की है। महिलाओं को रोज़मर्रा की ज़िंदगी में सम्मान देने की दिशा में भी बड़े कदम उठाए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज़्यादा शौचालय बनाए गए हैं, जिससे महिलाओं की सुरक्षा में सुधार हुआ है। उज्ज्वला योजना के ज़रिए 10 करोड़ से ज़्यादा रसोई गैस कनेक्शन दिए गए, जिससे महिलाओं को धुएं से राहत मिली। जल जीवन मिशन ने 15 करोड़ से ज़्यादा ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुंचाया है, जिससे पानी लाने का बोझ भी कम हुआ है। शिक्षा के क्षेत्र में लड़कियों के स्कूल में दाखिले की दर 75.5ः से बढ़कर 78ः हो गई है। सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.2 करोड़ से ज़्यादा खाते खोले गए हैं, जिससे बेटियों के लिए आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है। कानूनी सुधारों में भी बड़ा बदलाव लाया गया है। तीन तलाक को खत्म करना और नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जो संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33ः सीटें आरक्षित करता है, लैंगिक न्याय और भागीदारी की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। यह सफर केवल मदद देने का नहीं है, बल्कि एक ऐसा भारत बनाने का है जहां महिलाएं हर क्षेत्र में नेतृत्व कर सकें। अक्षित की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से नेहा गोस्वामी।

---

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आज कहा वे बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए राजनीति में हैं। आज भोजपुर जिले के आरा में पार्टी की रैली को संबोधित करते हुए श्री पासवान ने कहा बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के उद्देश्य के साथ वे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार के संयुक्त प्रयास से बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के संकल्प के साथ युवाओं का पलायन रोकने का संकल्प और विकास का काम हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार के पिछड़ापन के लिए राजद और कांग्रेस दोनों जिम्मेदार है।

–––बाइट–––

आगामी विधान सभा चुनाव पर उन्होंने कहा कि वे एनडीए गठबंधन को मजबूत करने के लिए काम करेंगे।

–––बाइट–––

---

चुनाव आयोग पर आक्षेप लगाने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हर ओर आलोचना हो रही है ।भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया बार बार चुनाव में हार से राहुल गांधी हताशा में आ गये हैं ।

–––बाइट–––

पूर्व केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने भी निर्वाचन आयोग जैसी संस्था पर सवाल उठाने पर राहुल गांधी की आलोचना की है ।

---बाइट---

इधर, राष्ट्रीय जनता दल के नेता और विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद ने आरोप लगाया कि संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा बनी रहनी चाहिए ।

---बाइट---

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख और पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशावाहा ने चुनाव को लेकर लोक सभा और विधान सभा की सीटों का परिसीमन जनसंख्या के आधार पर करने की मांग फिर दोहराई है। आज मुजफ्फरपुर के क्लब मैदान में आयोजित पार्टी की सभा को संबोधित करते हुए श्री कुशवाहा ने कहा कि संविधान के नियम के तहत परिसीमन होना जरुरी है और इसके लिए उनकी पार्टी अभियान चला रही है। श्री कुशवाहा ने कहा कि परिसीमन लागू होने से न सिर्फ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिलाओं की हिस्सेदारी बढेगी बल्कि जन प्रतिनिधित्व में समानता आयेगी।

---

बिहार ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को लागू करने में देश में प्रथम स्थान हासिल किया है और स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था को डिजीटल रूप में परिवर्तित करने में राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे है। सरकारी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में ऑनलाइन ओपीडी पंजीकरण बानवे प्रतिशत और रोगी सेवा के लिए क्यूआर कोड स्कैन करने में सर्वाधिक उच्च स्थान हासिल करने से बिहार ने कुशल और पहुंच वाली जन–स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करा कर एक नया कीर्तिमान बनाया है। बिहार का कमान और नियंत्रण केंद्र राजधानी पटना में स्थित है और इस बदलाव में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कमान केंद्र में सभी जिला अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों की वास्तविक समय में निगरानी की जाती है। राज्य स्वास्थ्य समिति के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कुमार ने आकाशवाणी को बताया कि यह केंद्र समन्वयक के तौर पर काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि भविष्य में इस केंद्र से पच्चीस हजार अस्पताल जोड़ें जाएंगे।

---

आकाशवाणी ने आज अपनी सेवा के नब्बे वर्ष पूरे कर लिए हैं। आठ जून उन्नीस सौ छत्तीस को, आज ही के दिन भारतीय राजकीय प्रसारण सेवा का नाम बदलकर आकाशवाणी किया गया था। यह देश के सांस्कृतिक, सूचना और प्रसारण के इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण था।

———बाइट———

7 जून 1936 को ऑल इंडिया रेडियो की तत्कालीन आधिकारिक पत्रिका द इंडियन लिस्नर के पहले पन्ने पर इस यादगार दिवस की एक दिन पूर्व दुनिया के सामने एआईआर की घोषणा की गई इतिहास में अलंकृत एक पल और एक देश की धरोहर आकाशवाणी का सामान्य सा दिल्ली स्टेशन एक ऐसा केंद्र बन गया जहां आवाज को पंख मिले और इतिहास को मंच मिला। इन शांत दिवारों से ऐसी गूंज निकली जिसने एक राष्ट्र को आकार दिया जो तब से कुसुमय, भावपूर्ण और अविस्मरणीय बना हुआ है। स्वतंत्रता के बाद एआईआर का तेजी से विस्तार हुआ और 1956 में इसे आकाशवाणी नाम दिया गया। आज आकाशवाणी 591 स्टेशनों का संचालन करती है जो भारत की 98ः आबादी को 23 भाषाओं और 146 बोलियां में प्रसारण प्रदान करती है। आकाशवाणी का विदेश सेवा प्रभाग सौ से अधिक देशों में भारत की आवाज को विश्व स्तर पर प्रसारित करता है और प्रवासी समुदाय से जुड़ता है बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के अपने आदर्शों पर चलते हुए आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग इस विशाल देश के हर निवासी को विभिन्न भू–भागों में 24 घंटे सातों दिन सभी प्रमुख भाषाओं और बोलियां में रेडियो प्रसारण में उच्चतम पेशेवर नैतिकता और मानकों का पालन करते हुए समाचार और विचार प्रदान करता है आकाशवाणी समाचार के लिए आदर्श दिल्ली।

---

आपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद सेना के जवान सुनील कुमार यादव का आज पूरे सैन्य सम्मान के साथ बक्सर में उनके पैतृक गांव नरबतपुर में अंतिम संस्कार किया गया। नरबतपुर गांव में उन्हे अंतिम विदाई देने से पहले तिरंगा यात्रा निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। कल सुनील कुमार यादव का पार्थिव शरीर जम्मू कश्मीर के उधमपुर से पटना लाया गया था। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई गणमान्य लोगों ने रात में एयरपोर्ट पर दिवंगत जवान के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की थी।

---

सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार ने आज बेगूसराय के चार प्रखंडो– बछवाड़ा, तेघड़ा ,मटिहानी और वीरपुर प्रखंड में एक करोड़ चौदह लाख की लागत से बनने वाले चार कोल्ड स्टोरेज का शिलान्यास किया। इस अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि जिले के सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज गांधी सेतु के समानांतर गंगा नदी पर बनाए जा रहे चौदह दशमलव पांच किलोमीटर लंबे चार लेन पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने हाजीपुर के सैफपुर में पाया नंबर नौ के पास रूक कर अधिकारियों से निर्माण कार्य के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी सहित निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

---

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश हिस्सों का मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास के डेहरी में सर्वाधिक तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं, दस से अधिक जिलों का अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर रहा। विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि की संभावना जताई है। विभाग ने ग्यारह जून से राज्य के अधिकांश भागों में बारिश का पूर्वानुमान भी व्यक्त किया है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रति घंटें की रफ्तार से हवा भी चल सकती है।

---

01. राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के ग्यारह वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– सरकार ने देश की प्रगति में महिलाओं की निर्णायक भूमिका तय की।

02. लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने आरा से चुनावी अभियान की शुरुआत की। कहा– वे बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए राजनीति कर रहे हैं।

03. चुनाव आयोग की आलोचना करने पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा सहित विभिन्न दलों ने संवैधानिक संस्था के अपमान का आरोप लगाया।

04. और, आपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद सेना के जवान सुनील कुमार यादव का पूरे सम्मान के साथ बक्सर में अंतिम संस्कार किया गया।

---

समाप्त